संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर–छत्तीसगढ़

दूरभाष : 0771–2537404, टेलीफैक्स 0771–2234731 ई–मेल : deptt_culture@yahoo.co.in वेबसाइट : www.cgculture.in

क्रमांक 2427/रसायन– 121/2018 रायपुर, दिनांक 22 /09/2018.

निविदा आमंत्रण सूचना

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर के अंतर्गत **सामंत सरना मंदिर समूह एवं तिकडी मंदिर चामुण्डा मंदिर डीपाडीह जिला बलरामपुर** के रसायनिक संरक्षण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं सामग्री की सूची का विस्तृत विवरण संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर मूल्य रू. 700/– (रू. सात सौ) मात्र नगद जमाकर दिनांक 01/10/2018 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 04/10/2018 को अपरान्ह 3.00 बजे तक रखी जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 04/10/2018 को अपरान्ह 4.00 बजे समिति के समक्ष खोला जावेगा।

क.	कार्य का विवरण	सामग्री की कीमत	अमानत राशि	सामग्री प्रदाय करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5	6
1.	सामंत सरना मंदिर समूह डीपाडीह एवं तिकडी मंदिर, चामुण्डा मंदिर,के पुरावशेष डीपाडीह जिला बलरामपुर के रसायनिक संरक्षण कार्य हेतु रसायन सामग्री कय करने बाबत्।	4,00,810/–	8,050/–	30 दिवस	रू. 700/–

निविदा की शर्तें :–

01. निविदा प्रपत्र केवल फिशर/मर्क/एस.डी.फाईन/वेकर कंपनी द्वारा अधिकृत फर्मों को प्रदाय किया जावेगा। साथ में कंपनी द्वारा अधिकृत किये गये प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा पंजीयन की फोटोकापी लगाना आवश्यक होगा।
02. निविदा की दरें कार्यालय द्वारा दिये गये विहित प्रपत्र में ही भरकर जमा करना होगा।
03. समस्त सामग्री आदेश प्राप्ति के 30 दिवस के अंदर निश्चित रूप से संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर में प्रदाय करनी होगी जिसका अलग से कोई किराया नहीं दिया जायेगा।
04. प्रति निविदा में कंपनी की उल्लेखित दरों से अधिक दरें मान्य नहीं होगा।
05. बयाने की राशि नगद मान्य नहीं होगी, इसे संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में जमा करना होगा।
06. निविदा प्रपत्र उपर्युक्त दर्शायी गई तिथि एवं समय में राशि रू. 700/– मात्र नगद जमाकर प्राप्त किया जा सकता है, जो वापसी योग्य नहीं होगी।
07. बंद लिफाफे के ऊपर कार्य के नाम का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।
08. समय–सीमा में सामग्री प्रदाय न करने की स्थिति में फर्म क्षतिपूर्ति की उत्तरदायी होगी। सामग्री प्रदाय करने के लिए कोई अग्रिम देय नहीं होगा।
09. निविदाकर्ता द्वारा दी गई दरें 31 मार्च 2019 तक प्रभावशील रहेगी तथा दर्शायी गई दरें सभी अधिरोपित करों सहित होगी।
10. विगत वर्षों में इस कार्यालय को प्रदाय की गई मानक स्तर की रसायन सामग्री वाली फर्मों को प्राथमिकता दी जावेगी।
11. बिना कारण बताये निविदाओं को स्वीकृत या अस्वीकृत करने, सामग्री आवश्यकतानुसार कम या अधिक कय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
12. विस्तृत जानकारी के लिए संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर से संपर्क किया जा सकता है।
13. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर छत्तीसगढ़ का निर्णय सर्वमान्य होगा।

मुख्य रसायनज्ञ
संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर छत्तीसगढ